लोक सभा अध्यक्ष ने पंडित जवाहरलाल नेहरु को पुष्पांजलि अर्पित की

...

राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के युवा प्रतिभागियों ने संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में पंडित जवाहरलाल नेहरु को श्रद्धांजलि दी

...

नई दिल्ली; 14 नवंबर, 2022: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने आज पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

राज्य सभा से विपक्ष के नेता और अध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, श्री मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसदों और पूर्व सांसदों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू को पुष्पांजलि अर्पित की।

लोक सभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार और राज्य सभा के महासचिव श्री पी.सी. मोदी और संसद के दोनों सचिवालयों के अधिकारियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर देश भर के राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के स्कूलों और कॉलेजों से चुने गए युवा प्रतिभागियों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू को पुष्पांजलि अर्पित करने के समारोह में भाग लिया।